**आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर**

दिनांक : 10.01.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के लिए देश–विदेश से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से दो करोड़ सत्तर लाख से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं।
- उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल राज निवास में ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना के समग्र विकास के लिए पर्यावरणीय मंजूरी के अनुदान के तहत वन्यजीव संरक्षण और आदिवासी कल्याण योजनाओं की समीक्षा की।
- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा श्री विजयपुरम के प्रदर्शनी मैदान में तीन दिवसीय पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी–सह व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा।
- अण्डमान निकोबार प्रशासन के प्रदूषण नियंत्रण समिति ने एकल उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है।
- डिगलीपुर के विवेकानंद स्टेडियम में तीस जनवरी से ए सी कप लीग कम नॉकआउट टी–ट्वेन्टी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

परीक्षा पे चर्चा के आठवें संस्करण के लिए देश–विदेश से छात्रों, शिक्षकों और अभिभावकों से दो करोड़ सत्तर लाख से अधिक पंजीकरण प्राप्त हुए हैं। इस कार्यक्रम के लिए माई जीओवी डॉट इन पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण चौदह दिसम्बर को शुरू हुआ था और ये इस महीने की चौदह तारीख तक चलेगा। शिक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की परीक्षा पे चर्चा पहल, परीक्षा से जुड़े तनाव को कम करने और परीक्षा को एक उत्सव में बदलने के लिए राष्ट्रव्यापी आंदोलन के रूप में आगे बढ़ रही है।

<><><><><><><>

उप राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी ने कल राज निवास में वन विभाग, आदिवासी कल्याण विभाग और स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से विशेषज्ञ एजेंसियों द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप परियोजना के समग्र विकास के लिए पर्यावरणीय मंजूरी के अनुदान के तहत वन्यजीव संरक्षण और आदिवासी कल्याण योजनाओं की समीक्षा की। प्रस्तुति के दौरान मुख्य सचिव डॉ चंद्र भूषण कुमार और प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। अनिडको के कार्यकारी निदेशक अर्जुन शर्मा, ने जैव–विविधता के लिए वन्यजीव संरक्षण और शमन योजनाओं के बारे में बताया, जिसमें कछुए, कोरल, लंबी पूंछ वाले मैकाक, नारियल केकड़ा, मेगापोड, मगरमच्छ आदि शामिल हैं। इस प्रस्तुति के दौरान भारतीय वन्यजीव संस्थान, भारतीय प्राणी सर्वेक्षण, भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण, सलीम अली पक्षी विज्ञान एवं प्राकृतिक इतिहास केंद्र तथा भारतीय वन प्रबंधन संस्थान भी मौजूद थे। द्वीपों में प्रजातियों की जैव विविधता संरक्षण और प्रबंधन के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

<><><><><><><>

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार द्वारा श्री विजयपुरम के प्रदर्शनी मैदान में तीन दिवसीय पीएम विश्वकर्मा प्रदर्शनी –सह व्यापार मेला आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का उददेश्य पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आने

वाले अट्ठारह ट्रेडों के पारम्परिक कारीगरों और शिल्पकारो को पहचान और विपणन सहायता प्रदान करना है, जो अपने हाथों और औजारों से काम करते हैं। कार्यक्रम के दौरान पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के कम से कम पचास से साठ प्रतिमाएं प्रदर्शित की जाएंगी। प्रदर्शनी में एम एस एम ई स्टार्टअप, सरकारी विभाग, वित्तीय संस्थान, बैंक और अन्य हितधारक भी अपने उत्पाद प्रदर्शित करेंगे। इसके अलावा तकनीकी सत्र के दौरान ई–कामर्स प्लेटफार्म, बार कोड पंजीकरण, आयात निर्यात नीति और जेम पोर्टल पर सत्रों का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्घाटन पन्द्रह जनवरी को शाम तीन बजे किया जाएगा।

<><><><><><><><><>

गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से अनुरोध किया है कि वे देश से तपेदिक रोग समाप्त करने की केंद्र सरकार की प्रतिबद्धता के तहत जेलों और सुधार संस्थानों में क्षय–रोग उन्मूलन के लिए सौ–दिन का अभियान शुरू करें। मंत्रालय ने एक पत्र के जरिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से जांच शिविर आयोजित करने और सभी जेलों में तपेदिक रोग से संबधित सूचना, शिक्षा और संचार सामग्री प्रदर्शित करने को कहा है।

<><><><><><><><><>

अण्डमान निकोबार प्रशासन के प्रदूषण नियंत्रण समिति ने एकल उपयोग प्लास्टिक वस्तुओं के उत्पादन, भंडारण, वितरण, बिक्री और उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया है। सभी उत्पादकों, खुदरा विक्रेताओं, दुकानदारों, ई–कामर्स कंपनियों, वाणिज्यिक प्रतिष्ठानों, स्कूल, कॉलेजों और कार्यालय परिसर, अस्पताल और अन्य संस्थानों व आम जनता से भी एकल उपयोग प्लास्टिक के उपयोग को बंद करने का आग्रह किया है। निर्देशों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><><><>

राष्ट्रीय इंडियन मिलिट्री कॉलेज देहरादून में जनवरी दो हजार छब्बीस में कक्षा आठवीं में छात्र–छात्राओं के प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। परीक्षा एक जून को आयोजित कराई जाएगी। प्रवेश के लिए आवेदन प्रपत्र और बुकलेट आर. आई एम. सी. से प्राप्त किए जा सकते हैं। आर. आई एम सी के वेबसाईट पर जाकर सामान्य श्रेणी के उम्मीदवार छः सौ रूपए और अनुसूचित जाति और जनजाति के उम्मीदवार पांच सौ पचपन रूपये का भुगतान कर आवेदन प्रपत्र हासिल कर सकते हैं। डिमांड ड्राफ्ट भेज कर भी आवेदन प्रपत्र मंगाया जा सकता है। सिर्फ आर. आई एम सी द्वारा जारी किए गए आवेदन प्रपत्र ही वैध माने जाएंगे। इच्छुक उम्मीदवार इक्कतीस मार्च तक टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय के पते पर आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><><><>

कलकत्ता उच्च न्यायालय के पोर्ट ब्लेयर सर्किट बेंच में कल अधिवक्ताओं के लिए दस वीडियो कांफ्रेंसिंग कैबिन का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर कलकत्ता उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति टी. एस. शिवगनानम ने वर्चुअल माध्यम से इसका उद्घाटन किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि वीडियो कांफ्रेंस कैबिन भारत में उच्च न्यायालयों के सर्किट बेंच में अपनी तरह की पहली पहल है। इससे अधिवक्ताओं को सर्वोच्च न्यायालय, उच्च न्यायालय और अन्य न्यायालयों तक आसान पहुंच का लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में कलकत्ता उच्च न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति मधुरेश प्रसाद, द्वीपसमूह के प्रभारी न्यायाधीश न्यायमूर्ति सब्यसाची भट्टाचार्य, अतिरिक्त प्रभारी न्यायाधीश न्यायमूर्ति राजा बसु चौधरी और अन्य न्यायमूर्ति उपस्थित थे।

<><><><><><><>

डिगलीपुर में उत्तरी अण्डमान के सहायक आयुक्त कार्यालय द्वारा विवेकानंद स्टेडियम में तीस जनवरी से ए सी कप लीग कम नॉकआउट टी–ट्वेन्टी क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जाएगा। उत्तरी व मध्य अण्डमान के इच्छुक टीमों से इक्कीस जनवरी तक आयोजन समिति के पास बारह हजार रूपए के प्रवेश शुल्क के साथ पंजीकृत करने को कहा गया है। टूर्नामेंट में कुल बारह टीमें भाग लेंगी। पंजीकरण पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जाएगी।

<><><><><><><>

एम.वी. नालंदा के लिटिल अण्डमान होते हुए कार निकोबार से श्री विजयपुरम के लिए यात्रा के समय में फेरबदल किया गया है। अब यह जहाज बारह जनवरी को एक बजे के स्थान पर शाम चार बजे छूटेगा। यात्री पहले खरीदे गए टिकट पर ही यात्रा कर सकते हैं।

<><><><><><><>

उद्योग निदेशालय के विभागीय प्रशिक्षण केन्द्र और अन्य प्रतिष्ठानों के माध्यम से कारपेंटरी, सामान्य इंजीनियरिंग, बेंत तथा बांस और सिलाई तथा परिधान निर्माण में एक वर्षीय प्रशिक्षण दिया जाएगा। पच्चीस उम्मीदवारों के साथ दस प्रतीक्षा सूची के उम्मीदवारों का अंतिम रूप से चयन किया गया है। चयनित उम्मीदवारों की सूची उद्योग निदेशालय के सूचना पट्ट पर दर्शा दी गई है। चयनित उम्मीदवारों को सात दिनों के भीतर अपने मूल प्रमाणपत्रों और इसकी सत्यापित प्रतिलिपि के साथ विभाग के प्रशिक्षण प्रकोष्ठ से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

फरारगंज तहसील के अंतर्गत होपटाउन ग्राम पंचायत के उप चुनाव के संबंध में बारह और पन्द्रह जनवरी को ड्राई डे रहेगा– **द्वीप समाचार** ने इस खबर को अंतिम पृष्ठ में प्रकाशित किया है। अखबार ने जिला प्रशासन द्वारा अवैध खनन गतिविधियों के खिलाफ कार्रवाई करने के समाचार को भी पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। **द डेली टेलीग्राम्स** ने गेट निकोबार द्वीप परियोजना के समग्र विकास के लिए पर्यावरण मंजूरी के अनुदान के अनुसार वन्य जीव संरक्षण और जन जातीय कल्याण योजनाओं के समीक्षा करने के समाचार को पहले पन्ने पर सचित्र प्रकाशित किया है। **इंफो इंडिया** ने लिटिल अण्डमान में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को अपने पहले पन्ने के उपरी भाग में जगह दी है। **इको ऑफ इंडिया** ने जंगलीघाट स्कूल में वार्षिक खेलकूद के आयोजन के समाचार को अंतिम पन्ने में प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>